31. मुख्यालय से अनुपस्थिति के प्रत्येक दिन के लिए एकसमान भत्ता को, जिसका आशय ऐसी अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप सरकारी सेवक द्वारा उपगत सामान्य दैनिक प्रभारों की पूर्ति किया जाना है, क्या कहते हैं ?

(a) स्थायी यात्रा भत्ता
(b) मील भत्ता
(c) दैनिक भत्ता
(d) वास्तविक व्यय

32. किसी भी प्रकार की छुट्टी की अधिकतम सतत अवधि क्या है जो किसी सरकारी सेवक को मंजूर की जा सकती है, जब तक कि राष्ट्रपति, मामले की असाधारण परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, अन्यथा अवधारित न करें ?

(a) एक वर्ष
(b) छह माह
(c) तीन वर्ष
(d) पाँच वर्ष

33. यदि उपलब्ध रिक्तियों की संख्या 5 है, तो मूल विभागीय पदोन्नति समिति के लिए सामान्य और विस्तारित विचार क्षेत्र (Zone of consideration) क्या हैं ?

(a) क्रमशः 7 और 9
(b) क्रमशः 10 और 15
(c) क्रमशः 14 और 25
(d) क्रमशः 15 और 30

29. In terms of Fundamental Rules, which of the following statement(s) regarding probationer is/are correct ?

1. The term "Probationer" covers a Government servant who holds substantively a permanent post in a cadre and is appointed on probation to another post
2. The period of Joining time availed by a probationer on return from leave should be counted towards the prescribed period of probation if, but for the leave, he would have continued to officiate in the post to which he was appointed
3. The status of a probationer is to be considered as having the attributes of a substantive status except where the rules prescribe otherwise

Select the correct answer using the code given below:

(a) 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

30. Consider the following statements regarding general conditions of service :

1. As a general rule, no person can be appointed in India to a post in Government service, without a medical certificate of health
2. A fresh appointee to Government service without medical certificate of health can be paid pay and allowances for a period not exceeding 6 months
3. The Administrative Ministries of the Government of India have full powers to dispense with the medical certificate of fitness in individual cases after appointment to Government service
4. A Government servant promoted to hold a Gazetted post requiring production of medical fitness certificate should be reverted to the lower post from which he/she was promoted if found medically unfit

Which of the statements given above are correct ?

(a) 2 and 3 only
(b) 1 and 4 only
(c) 3 and 4 only
(d) 2, 3 and 4

31. A uniform allowance for each day of absence from headquarters, which is intended to cover the ordinary daily charges incurred by a Government servant in consequence of such absence, is called :

(a) Permanent Travelling Allowance
(b) Mileage Allowance
(c) Daily Allowance
(d) Actual Expenses

32. The maximum continuous period of leave of any kind that can be granted to a Government servant, unless the President, in view of the exceptional circumstances of the case otherwise determines, is :

(a) One year
(b) Six months
(c) Three years
(d) Five years

33. What are the normal and extended zones of consideration for original Departmental Promotion Committee, if the number of available vacancies is 5 ?

(a) 7 and 9 respectively
(b) 10 and 15 respectively
(c) 14 and 25 respectively
(d) 15 and 30 respectively

34. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. सरकारी सेवक, जो लेवल-2 में है, 8 वर्ष की सेवा पूरी करने पर स्तर-4 में पहली नियमित पदोन्नति प्राप्त करता है और वह अगले 10 वर्षों तक बिना पदोन्नति उसी लेवल में बना रहता है, वह 18 वर्ष (8 + 10 वर्ष) पूरे करने के पश्चात संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रगति स्कीम (MACP) के अंतर्गत लेवल-5 में दूसरे वित्तीय उन्नयन (अपग्रेडेशन) के लिए पात्र होगा

2. यदि कोई सरकारी सेवक जिसे उपर्युक्त (कथन-1) के समान, 18 वर्ष के पश्चात दूसरा वित्तीय उन्नयन मिला है, और उसके बाद उसे कोई पदोन्नति नहीं मिलती है, उसे अगले 10 वर्ष की सेवा पूरी करने पर अर्थात 28 वर्ष (8 + 10 + 10 वर्ष) के पश्चात लेवल-6 में वित्तीय उन्नयन मिलेगा

3. MACP स्कीम के अंतर्गत वित्तीय उन्नयन देने के लिए, वर्ष 2016-17 से सभी स्तरों की वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट के लिए निर्धारित बेंचमार्क 'बहुत अच्छा' लागू है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

35. वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट में अपना मूल्यांकन अभिलिखित करने के लिए प्रतिवेदन अधिकारियों और पुनर्विलोकन अधिकारियों के पास सूचना देने वाले सरकारी सेवक (Government servant reported upon) के कार्य और आचरण के पर्यवेक्षण का कम-से-कम 3 मास का अनुभव होना अपेक्षित है। इस अवधि के दौरान सूचना देने वाले सरकारी कर्मचारी द्वारा एक बार में कितने दिनों से अधिक दिनों की ली गई अर्जित छुट्टी को 3 महीने की अवधि की गणना के लिए शामिल ***नहीं*** किया जाएगा ?

(a) 7 दिन

(b) 10 दिन

(c) 15 दिन

(d) 20 दिन

36. विनिर्दिष्ट दूरस्थ क्षेत्रों में ड्यूटी पर यात्रा करने वाले केंद्रीय सरकार के सेवकों को सरकारी व्यय पर वाहक (पोर्टर) की सुविधा लेने की संस्वीकृति दी जाती है। निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र इस सुविधा के अंतर्गत शामिल ***नहीं*** है ?

(a) लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र में लेह जिला

(b) जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में किश्तवाड़

(c) उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जिले का धारचुला तहसील

(d) उत्तरी सिक्किम का चुंगथांग उप-खंड

34. Which of the following statements is/are correct ?

1. A Government servant in Level-2 who gets his first regular promotion in Level-4 on completion of 8 years of service and then continues in the Level for another 10 years without any promotion, would be eligible for the 2nd financial upgradation under Modified Assured Career Progression Scheme (MACP) in Level-5 after completion of 18 years (8 + 10 years)

2. If a Government servant who got his 2nd financial upgradation after 18 years, as at ( statement 1) above, does not get any promotion thereafter, he would get the 3rd financial upgradation in Level-6 on completion of further 10 years of service, i.e. after 28 years (8 + 10 + 10 years)

3. For grant of financial upgradation under the MACP Scheme, the prescribed benchmark is 'Very Good' for Annual Performance Appraisal Reports of all levels with effect from the year 2016-17

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 only

(c) 3 only

(d) 1, 2 and 3

35. The Reporting Officers and Reviewing Officers are required to have at least 3 months' experience of supervising the work and conduct of the Government servant reported upon to record their assessment in the Annual Performance Appraisal Report. Earned leave availed of by the Government servant reported upon during this period exceeding how many days at a time is to be excluded for computing the period of 3 months ?

(a) 7 days

(b) 10 days

(c) 15 days

(d) 20 days

36. Central Government servants travelling on duty in specified remote areas are sanctioned the facility to engage porters at government expense. Which one of the following areas is ***not*** covered under this facility ?

(a) District Leh in Union Territory of Ladakh

(b) Kishtwar in Union Territory of Jammu & Kashmir

(c) Dharchula Tehsil of Pithoragarh District in Uttarakhand

(d) Chungthang Sub-Division of North Sikkim

**37.** यात्रा भत्ता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. परिचर के लिए यात्रा भत्ता की सुविधा केवल निःशक्त सरकारी सेवकों को स्वीकार्य होगी, जिसमें सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा यह प्रमाणित किया गया हो कि ऐसे व्यक्ति को यात्रा के लिए दूसरे व्यक्ति की सहायता अनिवार्य रूप से चाहिए
2. निःशक्त सरकारी सेवक के अनुरक्षक (एस्कॉर्ट) को मील भत्ते के अतिरिक्त दैनिक भत्ता स्वीकार्य होगा
3. विदेश दौरे पर निःशक्त सरकारी सेवक को परिचर/अनुरक्षक के लिए यात्रा भत्ता भी स्वीकार्य होगा

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

**38.** यात्रा भत्ता हकदारी के विनियमन के लिए अनुपूरक नियमों की प्रयोज्यता के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) ये नियम उन सरकारी कर्मचारियों पर भी लागू होते हैं जो 09.02.1965 के पश्चात केंद्र सरकार द्वारा पर्याप्त रूप से नियंत्रित स्वायत्त निकायों में अन्यत्र सेवा पर प्रतिनियुक्त किए जाते हैं

(b) मंडल लेखाकार जिनका वेतन राज्य के राजस्व में डेबिट योग्य है वे अपने यात्रा भत्ता हकदारी के विनियमन के लिए केंद्र सरकार के अनुपूरक नियमों द्वारा नियंत्रित नहीं होते हैं

(c) नियमित सरकारी सेवकों को मूल नियमों और अनुपूरक नियमों (FR & SR) के अंतर्गत यथास्वीकार्य यात्रा भत्ता कार्य-प्रभारित स्टाफ को स्वीकार्य नहीं होता है

(d) रक्षा सेवा प्राक्कलनों से वेतन प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की यात्रा भत्ता हकदारी भी अनपूरक नियमों के अनुसार विनियमित होती है

**39.** महँगाई भत्ते (DA) की स्वीकार्यता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में असाधारण छुट्टी (EOL) पर गए कर्मचारियों को महँगाई भत्ता स्वीकार्य होता है
2. निलंबनाधीन सरकारी सेवक को महँगाई भत्ते (DA) की संस्वीकृति उसे समय-समय पर संदत्त निर्वाह भत्ते के आधार पर की जा सकती है
3. केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर गए राज्य सरकारी सेवक, जिसे उसके मूल सरकार में स्वीकार्य वेतनमान और प्रतिनियुक्ति भत्ता बनाए रखने की अनुमति दी गई है, केंद्र सरकार के नियमों के अधीन स्वीकार्य महँगाई भत्ते (DA) के भुगतान के लिए हकदार होगा
4. विभिन्न शासकीय रूप से प्रायोजित स्कीमों के अधीन विदेश में प्रशिक्षण के लिए प्रतिनियुक्त किए गए केंद्र सरकार के कर्मचारी को, यहाँ तक कि किसी एक देश में छह महीने से अधिक समय तक ठहरने के मामले में भी, ऐसी दर पर महँगाई भत्ते (DA) की अनुमति होगी जिस पर उसने तब महँगाई भत्ता (DA) आहरित किया होता, जब वह प्रतिनियुक्ति पर विदेश नहीं गया होता, इसमें विदेश में ली गई कोई नियमित छुट्टी शामिल नहीं है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 2 और 4

(d) केवल 2 और 3

**37.** Consider the following statements in the context of Travelling Allowances :

1. The facility of Travelling Allowance for the Attendant would only be admissible to those Government servants with Disabilities, wherein it is certified by the competent Medical Authority that such a person compulsorily requires assistance of another person for travel
2. Daily Allowance in addition to Mileage Allowance is admissible to the Escort of the Government servant with Disabilities
3. Travelling Allowance for the Attendant/Escort would also be admissible to the Government servant with Disabilities on foreign tour

Which of the statement(s) given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 1, 2 and 3
(c) 2 and 3 only
(d) 1 and 3 only

**38.** Which one of the following statements in the context of applicability of Supplementary Rules for regulation of Travelling Allowance entitlements is correct ?

(a) These rules are also applicable to Government servants who are deputed on foreign service to autonomous bodies substantially controlled by the Central Government after 09.02.1965
(b) Divisional Accountants whose pay is debitable to the State Revenues are not governed by Supplementary Rules of the Central Government for regulation of their Travelling Allowance entitlements
(c) Travelling Allowance as admissible to regular Government servants under FR & SR is not admissible to work-charged staff
(d) Traveling Allowance entitlements of persons paid out of Defence Services Estimates are also regulated in terms of Supplementary Rules

**39.** Consider the following statements in the context of admissibility of Dearness Allowance (DA) :

1. DA is admissible to the employees on Extraordinary Leave (EOL) in India
2. Dearness Allowance to a Government servant under suspension may be granted based on the subsistence allowance paid to him/her from time to time
3. A State Government servant on deputation to the Centre and allowed to retain the scale of pay admissible to him/her in his/her parent Government plus Deputation Allowance, will be entitled to payment of DA admissible under Central Government rules
4. A Central Government employee deputed for training abroad under various officially sponsored schemes, even in cases of stay of more than six months in a single country, will be allowed DA at the rate at which he/she would have drawn DA had he/she not proceeded on deputation excluding any regular leave taken abroad

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 4 only
(b) 2, 3 and 4 only
(c) 2 and 4 only
(d) 2 and 3 only

40. पेंशनभोगियों को स्वीकार्य महँगाई राहत (DR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अशक्त पेंशन के अतिरिक्त स्थायी नि:शक्तता पेंशन प्राप्त करने वाले सरकारी सेवक के मामले में, DR दो पेंशनों के कुल योग पर संदेय होगा
2. परिवार पेंशन पर DR के भुगतान को निलंबित नहीं किया जाता है यदि पेंशनभोगी भारतीय स्टेट बैंक में नियोजित है
3. केंद्र सरकार का पेंशनभोगी जो अपनी पेंशन भारत में रुपए में आहरित करता है लेकिन भारत के बाहर रह रहा है, वह पेंशन पर DR के लिए पात्र होगा

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 1 और 3

41. बर्मा से सेवानिवृत्त लेकिन भारत में बस गए बर्मा सिविलियन पेंशनभोगियों और उनकी मृत्यु पर उनके परिवारों को पेंशन देयता से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बर्मा से सेवानिवृत लेकिन भारत में बसे सरकारी सेवकों की पेंशन देयता वही है जो बर्मा सरकार की है
2. भारत सरकार की देयता केवल तदर्थ अनुग्रह भत्ता मंजूर करना है
3. उनको यह तदर्थ अनुग्रह भत्ता 01.01.2016 से ₹ 3500 प्रति माह की दर से स्वीकार्य होगा
4. तदर्थ अनुग्रह भत्ते की राशि पर भारत सरकार द्वारा समय-समय पर यथा संस्वीकृत महँगाई राहत भी संदेय होगी

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

42. मकान किराया भत्ते (HRA) की संस्वीकृति से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सरकारी सेवक, जिसने स्थानांतरण पर, पुराने स्टेशन पर स्थित सरकारी आवास को बाज़ार किराया पर भुगतान करते हुए अपने पास रखा है, वह अपने स्थानांतरण की तारीख से 08 मास की अवधि के लिए नए स्टेशन पर HRA का दावा करने के लिए हकदार है
2. पति और पत्नी, यदि दोनों सरकारी सेवक हैं और साथ-साथ किराए के आवास में रह रहे हैं, तो दोनों को सामान्य HRA मंजूर किया जाता है
3. निलंबनाधीन सरकारी सेवक को HRA स्वीकार्य नहीं होता है
4. 120 से अधिक दिनों तक संतान देखभाल छुट्टी पर रहने वाली महिला सरकारी कर्मचारी को HRA स्वीकार्य नहीं होगा

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 4
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2, 3 और 4
(d) केवल 1 और 2

43. निम्नलिखित में से कौन-सा बिन्दु, वेतन में वृद्धि संबंधी मामलों की प्रक्रिया की जाँच सूची में शामिल ***नहीं*** है ?

(a) क्या पदोन्नति नियमित है या तदर्थ आधार पर है
(b) इसे कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग को भेजने से पहले वेतन में वृद्धि के इस प्रस्ताव को ऐसे अधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया है जो निदेशक रैंक से नीचे का नहीं है
(c) क्या कनिष्ठ और वरिष्ठ एक ही संवर्ग से संबंधित हैं
(d) क्या दोनों कर्मचारियों के निम्नतर और उच्चतर पदों का वेतनमान समरूप है

40. Consider the following statements in the context of Dearness Relief (DR) admissible to Pensioners :

1. In case of a Government servant in receipt of permanent disability pension in addition to invalid pension, DR will be payable on the total of two pensions
2. The payment of DR on family pension is not suspended when a pensioner is employed in State Bank of India
3. A Central Government pensioner drawing his pension in India in rupees but staying outside India is eligible to get DR on pension

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1 and 3 only

41. Consider the following statements regarding pensionary liability of Burma Civilian Pensioners retired from Burma but settled in India and on their death, to their families :

1. The pensionary liability of Government servants retired from Burma and settled in India is that of the Government of Burma
2. The liability of Government of India is towards grant of ad-hoc ex-gratia allowance only
3. The said ad-hoc ex-gratia allowance shall be admissible to them @ ₹ 3500 p.m. w.e.f. 01.01.2016
4. Dearness Relief on the amount of ad-hoc ex-gratia allowance shall also be payable as sanctioned by the Government of India from time to time

Which of the statement(s) given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 1, 2 and 4 only
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

42. Consider the following statements regarding grant of House Rent Allowance (HRA) :

1. A Government servant, who on transfer, has retained Government accommodation at the old station on payment of market rent is entitled to claim HRA at the new station for a period of 08 months from the date of his transfer
2. Normal HRA may be granted to both husband and wife when both happen to be Government servants and are living together in hired accommodation
3. HRA is not admissible to a Government servant under suspension
4. HRA shall not be admissible to a female Government employee on Child Care Leave beyond 120 days

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 4 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1, 2, 3 and 4
(d) 1 and 2 only

43. Which one of the following points is ***not*** included in the checklist for processing cases of stepping up of pay ?

(a) Whether promotion is on regular or ad-hoc basis
(b) The proposal for stepping up of pay has the approval of an officer not below the rank of Director before it is referred to the Department of Personnel and Training
(c) Whether senior and junior belong to the same cadre
(d) Whether the pay scale of lower and higher posts of both employees is identical

44. मुहरबंद लिफाफा प्रक्रिया अपनाने से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विभागीय पदोन्नति समिति (DPC) ऐसे सरकारी सेवक के संबंध में, जिसके विरुद्ध आपराधिक आरोप के लिए अभियोजन लंबित है, अपनी सिफारिशें मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत करेगी
2. ऐसे सरकारी सेवक के मामले में, जिसके विरुद्ध अवचार के लिए प्रारंभिक अन्वेषण किया जा रहा है, मुहरबंद लिफाफा प्रक्रिया अपनाई जाएगी
3. यदि कोई सरकारी सेवक निलंबनाधीन है और उसके वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन (APAR) की ग्रेडिंग के आधार पर DPC द्वारा उसे पदोन्नति के लिए 'अयोग्य' मूल्यांकित किया जाता है, तो मुहरबंद लिफाफा प्रक्रिया अपनाए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है
4. यदि DPC द्वारा सरकारी सेवक की पदोन्नति के लिए सिफारिश की जाती है लेकिन पदोन्नति के प्रभावी होने से पहले उसके विरुद्ध आरोप-पत्र जारी किया जाता है, तो DPC की सिफारिशों को मुहरबंद लिफाफे में रखा गया माना जाएगा

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 1

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 3 और 4

45. रिक्ति वर्ष 2019 के लिए, वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (SAG) पदों पर पदोन्नति के मामलों पर विचार करते समय, विभागीय पदोन्नति समिति (DPC) द्वारा यह देखा गया कि सभी अन्य उम्मीदवारों के मामले में पूर्ववर्ती पाँच वर्षों अर्थात 2012-13 से 2016-17 के लिए वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (APARs) उपलब्ध थीं, लेकिन श्री 'X' के मामले में वर्ष 2013-14 की APAR नहीं लिखी गई थी क्योंकि वह चिकित्सा छुट्टी पर था । SAG स्तर के पदों के लिए निर्धारित बेंचमार्क 'बहुत अच्छा' है । निम्नलिखित में से DPC द्वारा की जाने वाली कौन-सी सही कार्रवाई होगी ?

(a) इसे 2013-14 के लिए APAR की अनदेखी करनी चाहिए और यदि श्री 'X' ने अन्य APAR में 'बहुत अच्छा' ग्रेडिंग प्राप्त की है तो पदोन्नति के लिए उसकी सिफारिश करनी चाहिए

(b) इसे 2013-14 के APAR की अनदेखी करनी चाहिए और पदोन्नति के लिए उसके मामले की सिफारिश करनी चाहिए बशर्ते अन्य चार वर्षों के लिए उसकी APAR 'उत्कृष्ट' हो

(c) इसे 2013-14 की APAR के बदले 2011-12 की APAR की ग्रेडिंग पर विचार करना चाहिए

(d) इसे उसके मामले को लंबित करना चाहिए और नवीनतम अवधि अर्थात 2017-18 की APAR भी उपलब्ध होने पर पुनरीक्षण DPC करनी चाहिए

44. Consider the following statements regarding adoption of sealed cover procedure :

1. Departmental Promotion Committee (DPC) shall place its recommendations in a sealed cover in respect of a Government servant against whom prosecution for a criminal charge is pending

2. Sealed cover procedure shall be followed in the case of a Government servant against whom preliminary investigation is in progress for a misconduct

3. If a Government servant is under suspension and on the basis of his Annual Performance Appraisal Report (APAR) gradings, he is assessed as 'Unfit' for promotion by the DPC, there is no need to follow sealed cover procedure

4. If a Government servant is recommended for promotion by DPC but a charge sheet is issued against him before the promotion gets effective, DPC's recommendations shall be deemed to have been placed in sealed cover

Which of the statement(s) given above is/are correct ?

(a) 1 and 4 only

(b) 1 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 3 and 4 only

45. While considering cases for promotion to Senior Administrative Grade (SAG) posts for the vacancy year 2019, it was observed by the Departmental Promotion Committee (DPC) that while in case of all other candidates, Annual Performance Appraisal Reports (APARs) for the preceding five years, i.e. from 2012-13 to 2016-17 were available, in case of Mr. 'X', APAR for 2013-14 had not been written as he was on medical leave. The benchmark prescribed for promotion to SAG level posts is 'Very Good'. Which one of the following shall be the correct course of action by the DPC ?

(a) It should ignore the APAR for 2013-14 and if Mr. 'X' has 'Very Good' grading in other APARs, he should be recommended for promotion

(b) It should ignore the APAR for 2013-14 and recommend his case for promotion provided his APARs for other four years are 'Outstanding'

(c) It should consider the grading in the APAR for 2011-12 in lieu of the APAR for 2013-14

(d) It should pend his case and hold a review DPC when the APAR for the latest period i.e. 2017-18 is also available

46. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जब कि NPS के टियर-I के लिए अंशदान अनिवार्य है, वहीं टियर-II के लिए अंशदान स्वैच्छिक है
2. कर्मचारी न्यूनतम दस वर्ष की सेवा करने के पश्चात टियर-II से धन की आंशिक या पूर्ण निकासी करने के लिए स्वतंत्र है
3. किसी भी व्यक्ति को अधिवर्षिता की उम्र तक पहुँचने से पहले NPS के टियर-I से बाहर निकलने की अनुमति नहीं है
4. सरकारी अभिदाताओं को निजी क्षेत्र की पेंशन निधि सहित कोई एक पेंशन निधि का चयन करने की अनुमति है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) केवल 3 और 4

47. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोई अभिदाता निलंबन की अवधि के दौरान स्वयं के विकल्प से NPS में योगदान कर सकता है
2. असाधारण छुट्टी (EOL) से संबंधित मामलों में, चूंकि इस अवधि के दौरान कोई वेतन आहरित नहीं किया जाता, इसलिए कर्मचारी या सरकार की ओर से कोई अंशदान संदेय नहीं होगा
3. अभिदाता के पास बाह्य सेवा के दौरान NPS में अभिदान करने अथवा नहीं करने का विकल्प होता है
4. अर्ध वेतन छुट्टी (HPL) के मामलों में, कर्मचारी का और सरकार का अभिदान छुट्टी वेतन के अभिदान के अनुपात तक सीमित किया जाएगा

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही ***नहीं*** है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 3

48. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के अंतर्गत शामिल केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के संबंध में उपदान के लाभ के लिए पिछली सेवा की गणना से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यदि NPS के अंतर्गत शामिल कोई केंद्रीय सरकारी कर्मचारी किसी दूसरी केंद्रीय सरकारी सेवा में कार्यभार ग्रहण करता है, तो पूर्ववर्ती केंद्रीय सरकारी विभाग में की गई सेवा की गणना उपदान मंजूर करने के प्रयोजन के लिए की जाएगी और उपदान के दायित्व को उन दोनों विभागों के बीच साझा नहीं किया जाएगा
2. यदि केंद्र सरकार के समान ही सेवानिवृत्ति और मृत्यु उपदान के प्रावधानों सहित NPS के अंतर्गत शामिल राज्य सरकार का कोई कर्मचारी केंद्र सरकार में शामिल होता है, तो राज्य सरकार के अधीन की गई सेवा को उपदान की संस्वीकृति के प्रयोजन के लिए गिना जाएगा और इस दायित्व को इन दोनों सरकारों द्वारा साझा किया जाएगा
3. यदि केंद्र सरकार का कोई कर्मचारी केंद्र सरकार के समान सेवानिवृत्ति और मृत्यु उपदान के प्रावधानों सहित, NPS के अंतर्गत शामिल राज्य स्वायत्त निकाय में कार्यभार ग्रहण करता है तो, केंद्र सरकार अपने अधीन की गई सेवा के लिए सेवानिवृत्ति उपदान की राशि का राज्य स्वायत्त निकाय को भुगतान करके अपने उपदान दायित्व का निर्वहन करेगी

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) केवल 1 और 3

**46.** Consider the following statements regarding National Pension System (NPS) :

1. While contributions to Tier-I of NPS are mandatory, contributions to Tier-II are voluntary
2. An employee is free to withdraw part or all of the money in Tier-II after putting in a minimum of ten years of service
3. No individual is allowed to exit Tier-I of NPS before reaching the age of superannuation
4. The Government subscribers are allowed to choose any one of the pension funds including Private sector pension funds

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 3 only
(b) 1 and 4 only
(c) 1, 3 and 4 only
(d) 3 and 4 only

**47.** Consider the following statements regarding National Pension System (NPS) :

1. A subscriber may contribute to NPS at his option during the period of suspension
2. In Extraordinary Leave (EOL) cases, since no salary is drawn during the period, no contribution either from the employee or Government would be payable
3. A subscriber has the option to subscribe to the NPS or otherwise during the period of Foreign Service
4. In Half Pay Leave (HPL) cases, the subscription of the employee and the Government would be restricted to that proportionate to leave salary

Which of the statement(s) given above is/are ***not*** correct ?

(a) 1 only
(b) 1, 2 and 4 only
(c) 1 and 3 only
(d) 3 only

**48.** Consider the following statements regarding counting of previous service for the benefit of Gratuity in respect of Central Government employees covered under National Pension System (NPS) :

1. If a Central Government servant covered under NPS joins another Central Government service, the service rendered in the previous Central Government Department shall be counted for the purpose of grant of gratuity and there shall be no sharing of gratuity liability between the two Departments
2. If an employee of the State Government covered under NPS with provisions for retirement/death gratuity similar to those in the Central Government joins Central Government, service rendered under the State Government shall be counted for the purpose of grant of gratuity and the liability, therefore, shall be shared by both the Governments
3. If a Central Government servant joins a State Autonomous Body covered under NPS with provisions for retirement/death gratuity similar to those in the Central Government, the Central Government shall discharge its gratuity liability by paying the amount of retirement gratuity for the service rendered under it to the State Autonomous Body

Which of the statement(s) given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 2 and 3 only
(c) 1 only
(d) 1 and 3 only

**49.** राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) से निकासी से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निकासी के लिए NPS अभिदाता को आवेदन की तिथि तक उसके द्वारा किए गए अंशदान और व्यक्तिगत पेंशन खाते में जमा की गई उपलब्ध राशि के अनधिक 25% की निकासी करने की अनुमति है
2. निकासी के लिए NPS अभिदाता को आवेदन की तिथि पर नियोक्ता द्वारा किए गए अंशदान और व्यक्तिगत पेंशन खाते में जमा की गई उपलब्ध राशि सहित कुल अंशदान के अनधिक 25% की निकासी की अनुमति है
3. NPS से अनुमत निकासी केवल तभी अनुज्ञात होगी जब अभिदाता NPS में अपने शामिल होने की तारीख से कम-से-कम तीन साल की अवधि के लिए NPS में बना रहा हो
4. अभिदाता को NPS के अधीन सदस्यता की पूरी अवधि के दौरान अधिकतम चार बार ही निकासी करने की अनुमति होगी

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 1 और 4

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 2, 3 और 4

**50.** केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के अधीन सरकारी कर्मचारियों की पेंशन/उपदान रोकने के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सेवानिवृत्त होने वाले ऐसे सरकारी कर्मचारी को अनंतिम पेंशन प्राधिकृत की जाएगी जिसके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही अनुध्यात है लेकिन वास्तव में संस्थित नहीं की गई है
2. सरकारी कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की समाप्ति पर, यदि अंतिम रूप से स्वीकृत पेंशन की राशि उसे भुगतान की जा रही अनंतिम पेंशन से कम है, तो पेंशनभोगी से किस्तों में वसूली की जाएगी
3. पेंशन से आर्थिक हानि की वसूली के मामले में, यह आमतौर पर सेवानिवृत्ति की तारीख पर सरकारी सेवक को स्वीकार्य पेंशन के एक-तिहाई से अधिक की दर पर नहीं की जाएगी
4. यदि किसी सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के समय उसके विरुद्ध न्यायिक कार्यवाही संस्थित की गई थी, तो उन कार्यवाहियों के समापन और उन पर अंतिम आदेश जारी होने तक उसे कोई उपदान का भुगतान नहीं किया जाएगा

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 4

(d) केवल 3 और 4

49. Consider the following statements regarding withdrawals from National Pension System (NPS) :

1. An NPS subscriber is permitted to withdraw accumulations not exceeding 25% of the contribution made by him or her and standing to his or her credit in the individual pension account, as on the date of application for withdrawal
2. An NPS subscriber is permitted to withdraw accumulations not exceeding 25% of the total contribution including the contributions made by the employer and standing to his or her credit in the individual pension account, as on the date of application for withdrawal
3. The permitted withdrawal from NPS shall be allowed only if the subscriber has been in the NPS at least for a period of three years from the date of his or her joining
4. A subscriber shall be allowed to withdraw only a maximum of four times during the entire tenure of subscription under the NPS

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 3 only

(b) 1 and 4 only

(c) 2 and 3 only

(d) 2, 3 and 4 only

50. Consider the following statements in the context of withholding of pension/gratuity to the Government servants under CCS (Pension) Rules, 2021 :

1. Provisional pension shall be authorised to a retiring Government servant against whom departmental proceedings are contemplated but have not actually been instituted
2. Wherever on conclusion of departmental proceedings against a Government servant, the amount of pension finally sanctioned is less than the provisional pension being paid to him, recovery shall be made from the pensioner in instalments
3. In case of recovery of pecuniary loss from pension, it shall not ordinarily be made at a rate exceeding one-third of the pension admissible on the date of retirement of a Government servant
4. If at the time of the retirement of a Government servant, judicial proceedings had been instituted against him, no gratuity shall be paid to him until the conclusion of those proceedings and issue of final orders thereon

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 4 only

(d) 3 and 4 only

51. केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निलंबनाधीन सरकारी कर्मचारी द्वारा जो अवधि आचरण की जाँच होने तक व्यतीत की गई है, उसकी गणना अर्हक सेवा के रूप में की जाएगी, जहाँ ऐसी जाँच समाप्त हो जाने पर उसे पूरी तरह से दोषमुक्त कर दिया गया है, और कोई भी लघु या बड़ी शास्ति नहीं लगाई गई है

2. सरकारी सेवक को सेवा से पदच्युत किए जाने या निष्कासित किए जाने से उसकी विगत सेवा समपहृत हो जाएगी

3. त्यागपत्र से विगत सेवा का समपहरण नहीं होगा यदि ऐसा त्यागपत्र, समुचित अनुज्ञा से, ऐसी सरकार के अधीन, जहाँ सेवा अर्हक होती है, कोई अन्य स्थायी नियोजन प्राप्त करने के लिए किया गया हो

4. सरकारी सेवक यदि सरकार के अधीन किसी अस्थायी नियुक्ति के लिए किसी पद से त्यागपत्र देता है तो उसकी पिछली सेवा समपहृत हो जाएगी, भले ही इसके लिए पूर्व अनुमोदन प्राप्त किया गया हो

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 2 और 3

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

52. केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के अनुसार अनुकंपा भत्ते की संस्वीकृति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अनुकंपा भत्ता उस पेंशन या उपदान या दोनों के दो-तिहाई से अधिक नहीं होगा, जो किसी व्यक्ति को तब अनुज्ञेय होता जब वह अधिवर्षिता पेंशन पर सेवानिवृत्त हुआ होता

2. जहाँ आरोपित अधिकारी के अवचार से यह निष्कर्ष निकलता है कि उसकी सेवा बेईमानी से युक्त रही है, तो अनुकंपा भत्ता संस्वीकृति नहीं किया जा सकता है

3. अनुकंपा भत्ता को संराशीकृत नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह सरकारी सेवक को राहत देने की प्रकृति का है

4. अनुकंपा भत्ता प्राप्त करने वाला सरकारी सेवक समय-समय पर दी जाने वाली पेंशन में राहत के लिए पात्र है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही ***नहीं*** है/हैं ?

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 4

(c) केवल 3

(d) केवल 2, 3 और 4

53. एक पेंशनभोगी, जिसने अपनी पेंशन का कोई भी हिस्सा संराशीकृत नहीं किया है, ₹ 18,000 की कुल पेंशन आहरित कर रहा है । अगले वर्ष उसकी आयु 85 वर्ष हो जाएगी । 85 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर वह कुल कितनी पेंशन आहरित करने का हकदार होगा ?

(a) ₹ 23,400

(b) ₹ 18,720

(c) ₹ 19,500

(d) ₹ 21,600

51. Consider the following statements in the context of CCS (Pension) Rules, 2021 :

1. Time passed by a Government servant under suspension pending inquiry into conduct shall be counted as qualifying service where, on conclusion of such inquiry, he has been fully exonerated and no minor or major penalty is awarded to him
2. Dismissal or removal of a Government servant from service shall entail forfeiture of his past service
3. A resignation shall not entail forfeiture of past service if it has been submitted to take up, with proper permission, another permanent employment under the Government where service qualifies
4. A Government employee shall forfeit his past service on resignation from a post to take up a temporary appointment under the Government where service qualifies despite getting prior approval for the same

Which of the statements given above are correct ?

(a) 2 and 3 only
(b) 1, 2 and 3 only
(c) 1 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

52. Consider the following statements regarding grant of Compassionate Allowance in terms of CCS (Pension) Rules, 2021 :

1. Compassionate Allowance should not exceed two thirds of pension or gratuity or both which would have been admissible to an individual if he had retired on superannuation pension
2. Where the misconduct on the part of the charged officer leads to the inference that his service has been dishonest, Compassionate Allowance may not be sanctioned
3. Compassionate Allowance cannot be commuted as it is in the nature of a relief to the Government servant
4. A Government servant in receipt of Compassionate Allowance is eligible for reliefs in pension granted from time to time

Which of the statements given above is/are ***not*** correct ?

(a) 1 and 3 only
(b) 4 only
(c) 3 only
(d) 2, 3 and 4 only

53. A pensioner who has not commuted any part of his pension is drawing a total pension of ₹ 18,000. He shall attain 85 years of age next year. How much total pension will he be entitled to draw on attaining the age of 85 years ?

(a) ₹ 23,400
(b) ₹ 18,720
(c) ₹ 19,500
(d) ₹ 21,600

54. केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के संदर्भ में मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति उपदान के भुगतान से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अविवाहित सरकारी सेवक द्वारा अपने परिवार के किसी भी सदस्य के पक्ष में किया गया नामनिर्देशन (नॉमिनेशन) उसका विवाह होने पर अविधिमान्य हो जाएगा
2. जहाँ किसी सरकारी कर्मचारी के कुटुंब में केवल एक ही सदस्य है और नामनिर्देशन उसी के पक्ष में किया गया है, तो वहाँ सरकारी कर्मचारी किसी अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों के निकाय के पक्ष में, चाहे वह निगमित हो या न हो, वैकल्पिक नामनिर्देशिती या नामनिर्देशितियों के रूप में नामनिर्देशन करने के लिए स्वतंत्र होगा
3. किसी सरकारी कर्मचारी की सेवा में रहते हुए हत्या से मृत्यु होने की स्थिति में यदि उपदान प्राप्त करने के लिए पात्र व्यक्ति पर हत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया जाता है, तो उसके हिस्से का उपदान प्राप्त करने का उसका दावा उसके विरुद्ध शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही की समाप्ति तक निलंबित रहेगा
4. यदि नामनिर्देशिती की मृत्यु उपदान की राशि प्राप्त करने से पहले हो जाती है, तो उसका हिस्सा सरकार के पास व्यपगत हो जाएगा

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही *नहीं* है/हैं ?

(a) केवल 4
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 1 और 4

55. मृत सरकारी कर्मचारी के दिव्यांग बच्चों को कुटुंब पेंशन की अनुज्ञेयता के संबंध मे निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ऐसे पुत्र या पुत्री के लिए, जो ऐसी मानसिक या शारीरिक नि:शक्तता से पीड़ित है जिससे वह 25 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद भी जीविकोपार्जन करने में असमर्थ हैं कतिपय शर्तों के अध्यधीन, आजीवन कुटुंब पेंशन अनुज्ञेय है
2. सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी और उसके पति या पत्नी की मृत्यु से पहले नि:शक्तता विद्यमान रहनी चाहिए
3. नि:शक्तता से पीड़ित बच्चे द्वारा विवाह करने से वह कुटुंब पेंशन के लिए अपात्र हो जाएगा
4. शारीरिक रूप से नि:शक्त पुत्र या पुत्री के मामले में कुटुंब पेंशन की भुगतान, उसके वयस्कता आयु प्राप्त कर लेने के बाद भी, उनके अभिभावक के माध्यम से किया जाएगा

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 3 और 4
(d) केवल 1, 2 और 3

56. केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के अधीन कुटुंब पेंशन की अनुज्ञेयता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. एक विधवा जो अवैध संतान को जन्म देती है, वह कुटुंब पेंशन प्राप्त करती रहेगी
2. मृत सरकारी सेवक का सबसे बड़ा जीवित पुत्र, जो कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के लिए पात्र है, वह अपने छोटे भाई के पक्ष में अपना दावा छोड़ने के लिए लिखित रूप में अपनी सहमति दे सकता है
3. मृत सरकारी सेवक का पति, जिसकी उस सरकारी सेवक की मृत्यु के समय एक और जीवित पत्नी थी, कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं है
4. कुटुंब पेंशनभोगी की मृत्यु की स्थिति में, कुटुंब पेंशन की बकाया राशि कुटुंब के अगले (next in line) पात्र सदस्य को संदेय होती है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही *नहीं* है/हैं ?

(a) केवल 1, 2 और 4
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 3 और 4

54. Consider the following statements regarding the payment of Death-cum-Retirement Gratuity in terms of CCS (Pension) Rules, 2021 :

1. Nomination made by an unmarried Government servant in favour of any member of his family shall become invalid on his or her marriage
2. Where a Government servant has only one member in his or her family and a nomination has been made in his favour, it will be open to the Government servant to nominate any person or a body of individuals, whether incorporated or not, as alternate nominee or nominees
3. If a person eligible to receive gratuity in the event of death of a Government servant by murder while in service is charged with abetment to murder, his claim to receive his share of gratuity shall remain suspended till the conclusion of criminal proceedings instituted against him
4. Share of a nominee who dies before receiving the amount of gratuity will lapse to the Government

Which of the statement(s) given above is/are ***not*** correct ?

(a) 4 only
(b) 1, 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1 and 4 only

55. Consider the following statements regarding the admissibility of Family pension to disabled children of a deceased Government servant :

1. Family pension is admissible for life to a son or daughter who is suffering from a mental or physical disability so as to render him or her unable to earn a living even after attaining the age of 25 years subject to certain conditions
2. Disability should have existed before the death of the Government servant or pensioner and his or her spouse
3. Marriage by a child suffering from such a disability shall render him or her ineligible for family pension
4. The family pension in the case of the physically disabled son or daughter shall be paid through their guardian even when he or she attains the age of majority

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1, 2 and 4 only
(c) 3 and 4 only
(d) 1, 2 and 3 only

56. Consider the following statements regarding the admissibility of family pension under CCS (Pension) Rules, 2021 :

1. A widow who gives birth to an illegitimate child shall continue to draw family pension
2. The eldest surviving son of a deceased Government servant who is eligible to draw family pension can give his consent in writing to forego his claim in favour of his younger brother
3. The husband of a deceased Government servant having another living wife at the time of death of the Government servant is not eligible to draw family pension
4. In the event of death of a family pensioner, the arrears of family pension are payable to an eligible member of the family next in line

Which of the statements given above is/are ***not*** correct ?

(a) 1, 2 and 4 only
(b) 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 3 and 4 only

**57.** केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के संदर्भ में सेवानिवृत्ति के बाद वाणिज्यिक रोज़गार की अनुमति से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यदि कोई पेंशनभोगी, जो अपनी सेवानिवृत्ति से ठीक पूर्व केंद्रीय सेवा समूह 'क' का सदस्य था, अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष के अवसान से पूर्व कोई वाणिज्यिक नियोजन स्वीकार करना चाहता है, तो उसे सरकार की पूर्व संस्वीकृति प्राप्त करनी होगी

2. कोई सरकारी कर्मचारी प्रशासनिक मंत्रालय या विभाग की पूर्व अनुमति के बिना सेवा के दौरान वाणिज्यिक नियोजन के लिए वार्ता नहीं करेगा

3. अनुमति प्रदान करते समय, सरकार यह देखेगी कि क्या अधिकारी अपनी सेवा के पिछले पाँच वर्षों में किसी ऐसी संवेदनशील सूचना का गुप्त रूप से भागीदार रहा है जो सीधे उस संगठन के हित के क्षेत्रों से संबंधित है जिसमें उसका शामिल होना प्रस्तावित है

4. सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद किसी विश्वविद्यालय में नियोजन के लिए पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 1, 2 और 4

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

**58.** कोई नियुक्ति प्राधिकारी किसी व्यक्ति को लोकहित में अपना त्यागपत्र वापस लेने की अनुमति दे सकता है। केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के अनुसार, जिस तारीख से त्यागपत्र प्रभावी होता है और जिस तारीख को त्यागपत्र वापस लेने की अनुमति के परिणामस्वरूप व्यक्ति को फिर से ड्यूटी प्रारंभ करने की अनुमति दी जाती है, इन तारीखों के बीच ड्यूटी से अनुपस्थिति की अधिकतम अवधि कितनी हो सकती है ?

(a) 30 दिन

(b) 60 दिन

(c) 90 दिन

(d) 120 दिन

**59.** केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के संदर्भ में 'परिलब्धियों' से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पेंशन के नियतन के प्रयोजन के लिए 'परिलब्धियाँ' से अभिप्राय मूल वेतन होगा, जो सरकारी सेवक अपनी सेवानिवृत्ति से ठीक पहले आहरित कर रहा था, लेकिन इसमें प्रैक्टिस-बंदी भत्ता शामिल नहीं है
